टीवी बिल्ला टॉम

लेखनः जोएन हाइलब्रोनर

चित्रः सैल मुरडोका

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा

टीवी बिल्ला टॉम

लेखनः जोएन हाइलब्रोनर

चित्रः सैल मुरडोका

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा

पीटर और एनी
और उनकी अद्भुत लोलो
के लिए

टॉम एक बिल्ला था।
वह शहर में रहता था।
वह फिश स्ट्रीट के आख़िर में रहता था।



टॉम एक मछली वाले के लिए काम करता था।
वह घर के काम करता।

वह चूहों से रखवाली का काम करता।

वह थोड़ा बहुत मछली काम भी करता।
टॉम अच्छा बिल्ला था।
वह खूब मेहनत करता था।
वह मछली वाले को खुश रखता था।

एक दिन मछली वाला एक डब्बा लाया।

डब्बे के कान थे।

डब्बा आवाज़ करता था।



और उस डब्बे में

लोग थे।



टॉम को डब्बा देखना अच्छा लगा।

वह उसे देखते रहने से खुद को रोक ही नहीं पाया।

वह घर का काम भूल गया . . .

चूहों का काम . . .

और मछली का काम भी।

टॉम काम के बारे में ही भूल गया।

मछली वाला अब खुश न था।

उसने टॉम से काम पर लौटने को कहा।

पर टॉम बैठा

डब्बे को देखता रहा।



टॉम ने डब्बे में एक आदमी को देखा।
वह आदमी एक गीत गा रहा था।



उसने चाँद के बारे में गाया।
उसने सितारों के बारे में गाया।
उसने मुहब्बत के बारे में गाया।

सुनने वालों को उसका
गाना बेहद पसन्द आया।
उन्होंने तालियाँ बजाईं, वाहवाही की।
औरतों ने उसे पर फूल बरसाए।



टॉम के मन में इच्छा जगी
काश वह भी उस आदमी जैसे गा पाता।
काश औरतें उस पर भी
फूल बरसातीं।



उस रात टॉम बाहर गया।
वह दीवार पर चढ़ा और गाने लगा।
उसने चाँद के बारे में गाया।
उसने सितारों के बारे में गाया।
उसने मुहब्बत के बारे में गाया।
टॉम ने उस सबके बारे में गाया
जो उसे पसन्द था।
''म्याऊँ! म्याऊँ! म्याऊँ!
हाऊँ! याऊँ! म्याऊँ!''
वह गाता गया।

टॉम ने पडौस वाली महिला को जगा दिया।

उसने टॉम पर फूल फेंके . . .

और साथ में फूलों वाला गमला भी।

धड़! धड़ाम!

"म्याऊँ! ग्याऊँ! आऊँ!"

टॉम रो पड़ा।

अब वह गाने वाला बिल्ला

नहीं बनना चाहता था।

पर उसने डब्बे को देखना
बन्द नहीं किया।



टॉम ने डब्बे में एक नए आदमी को देखा।
वह गाने वाला आदमी नहीं था।
वह एक ताकतवर आदमी था।

उस ताकतवर आदमी ने किसीको उठाया,
और उसे ऊँचे उछाल दिया!

टॉम की इच्छा हुई कि काश वह भी
ऐसा ही ताकतवर होता।
काश वह भी किसीको ऊँचा
उछाल सकता।



उस रात टॉम बाहर गया।
उसने उछालने के लिए किसीको तलाशा।
उसने फिश स्ट्रीट के ऊपर तब नीचे देखा।
वहाँ कोई था ही नहीं।

तब टॉम को कुछ नज़र आया।

वह एक बिल्ला था।

एक बड़ा-सा बिल्ला।

वह सीधे टॉम की ओर घूर रहा था।

टॉम उस बिल्ले के पास गया।

उसने बिल्ले को देखा।

बिल्ले ने भी पलट कर उसे घूरा।

और तब . . .

उस बिल्ले ने टॉम को उठाया।
और ऊपर उछाल दिया!

''म्याऊँ! म्याऊँ! म्याऊँ!''
टॉम चीखा।
''आऊँ! आऊँ! आऊँ!''



टॉम की चीख-पुकार ने पडौस वाली
महिला को जगा दिया।
उसने पडौस के आदमी को जगा दिया।
और मछली वाले को भी जगा दिया।



पडौसन ने टॉम पर फूल फेंके।
आदमी ने अपने जूते।

और मछली वाले ने टॉम को
उठा घर के अन्दर फेंका।
''अब एक अच्छे बिल्ले बनो,''
मछली वाले ने डपट कर कहा।



टॉम ने अच्छा बनने की कोशिश की।
उसने कुछ मछली काम किया।
उसने कुछ बर्तनों का काम किया।
और डब्बे से दूर
भी रहा।

पर एक रात मछली वाला
घर से बाहर गया।
टॉम घर में अकेला था।
उसने डब्बे के बारे में सोचा।
उसने सोचा कि वह डब्बे की बस एक
ही झलक देखेगा।



टॉम ने उस रात गाने वाले आदमी को नहीं देखा।
उसने ताकतवर आदमी को नहीं देखा।
उसने एक ऐसे आदमी को देखा
जिसे देख टॉम की आँखें लगभग बाहर
ही निकल आईं।

उस आदमी ने एक मोटरगाड़ी उठाई . . .



तब वह एक मकान पर कूदा।

इसके बाद वह अद्‌भुत आदमी उड़ा!

टॉम के मन में इच्छा जगी, काश वह भी उड़ सकता।

उसे लगा उसे कोशिश तो करनी चाहिए।



टॉम छत पर गया।

उसने अपनी बाहें फैलाईं।

और उड़ा।



वह खिड़कियों के पास से उड़ा।
कपड़ों के पास से उड़ा।

तब वह सीधे उड़ता हुआ कचरे के
डब्बे में जा गिरा।
"म्याऊँ! म्याऊँ! म्याऊँ!
ओह! ओह! ओह!"
वह चीखा।

सबने उस पर कुछ-कुछ फेंका।

टॉम ने पडौस वाली महिला को जगा दिया।
पडौस के आदमी को जगा दिया।
उसने फिश स्ट्रीट के सभी लोगों को जगा दिया।

अब टॉम उड़ने वाला बिल्ला नहीं बनना चाहता था।





अगले दिन टॉम काम पर वापस लौट आया।

उस रात मछली वाले ने डब्बे पर
गेंद का खेल देखा।
टॉम ने भी खेल देखा।

टॉम को गेंद का खेल अच्छा लगा।
उसे वह आदमी भी अच्छा लगा
जो गेंद को पकड़ दौड़ा था।
टॉम को लगा काश वह भी गेंद
थामे उसकी तरह दौड़ पाता।



पर तब टॉम ने कुछ ऐसा देखा
जो उसे कतई अच्छा नहीं लगा।
खेल के सभी खिलाड़ी उस आदमी के
ऊपर कूद पड़े थे, जिसके पास गेंद थी!





टॉम ने अपनी आँखें बन्द कीं।
वह गेंद वाला बिल्ला नहीं बनना चाहता था . . .
या उड़ने वाला बिल्ला . . .
या ताकतवर बिल्ला . . .
या गाने वाला बिल्ला।
टॉम सिर्फ एक अच्छा
मछली वाला बिल्ला बनना चाहता था . . .

और अब टॉम और मछली
वाला दोनों खुश थे।

टीवी बिल्ला टॉम

टॉम एक बिल्ला है जिसकी
एक बड़ी समस्या है!

वह टीवी देखना बन्द ही नहीं
कर पाता है।

सावधान टॉम

तुम्हारे सामने कई परेशानियाँ
आ खड़ी होंगी!